Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University
Faculty of Architecture & Planning
(Incorporating Former Lucknow College of Architecture)
Tagore Marg, Lucknow – 226 007;(U.P) India
Phone: +91 522 2741598(Telefax);+91 522 2741598 (EPBAX)
Website: www.foaaktu.ac.in, e-mail: dean.foa@aktu.ac.in

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
वास्तुकला एवं योजना संकाय
(पूर्ववर्ती **लखनऊ वास्तुकला महाविद्यालय** संयुक्तित)
टैगोर मार्ग, लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
दूरभाष– +91522 2741598 (टेलीफैक्स)+915222741598 (ईपीबीएक्स)
वेबसाइट: www.foaaktu.ac.in,ई.मेल.: dean.foa@aktu.ac.in

पत्रांकः लवाम / प0नि0का0 / 01 / सा0पत्रा0 / 2022–23 / 218 दिनांकः 10 अगस्त, 2023

आवश्यक सूचना

संस्था के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि परीक्षा सेल से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु निम्न व्यवस्था रहेगी–

i. छात्र / छात्राओं अपने रिजल्ट, मार्कशीट, डिग्री इत्यादि की समस्याओं के निराकरण हेतु सहायक परीक्षा नियंत्रक–2 को अपना आवेदन समस्त वांछित प्रपत्रों के साथ प्रेषित करें। सहायक परीक्षा नियंत्रक–2 उक्त समस्याओं के निराकरण संबंधी कार्यवाही से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक (प्राचार्य) को, द्वारा उचित माध्यम, एक सप्ताह में सूचित करेंगे।

ii. एक सप्ताह के बाद छात्र / छात्राओं यदि सहायक परीक्षा नियंत्रक–2 द्वारा कृत कार्यवाही से असंतुष्ट हैं तो वह अपना आवेदन समस्त वांछित प्रपत्रों के साथ परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित करें। परीक्षा नियंत्रक उक्त समस्याओं के निराकरण संबंधी कार्यवाही से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक (प्राचार्य) को एक सप्ताह में सूचित करेंगे।

iii. एक सप्ताह के बाद छात्र / छात्राओं यदि परीक्षा नियंत्रक द्वारा कृत कार्यवाही से असंतुष्ट हैं तो वह अपना आवेदन समस्त वांछित प्रपत्रों के साथ मुख्य परीक्षा नियंत्रक (प्राचार्य) को प्रेषित करें।

iv. यदि किसी छात्र / छात्रा द्वारा अपने आवेदन के साथ अपूर्ण जानकारी प्रेषित की जाती है तो समस्याओं के निराकरण में लगने वाले समय एवं अपूर्ण निदान का उत्तरदायित्व परीक्षा सेल का नहीं होगा।

v. समस्त प्रपत्रों का रखरखाव श्री मोहित यादव, तृतीय श्रेणी कर्मचारी परीक्षा सेल द्वारा किया जायेगा।

vi. परीक्षाओं के संचालन / मूल्यांकन के समय परीक्षा सेल से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण, समस्याओं के निराकरण हेतु लागू उक्त व्यवस्था स्थगित रहेगी।

vii. परीक्षा संबंधी कार्य शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त प्रशासनिक प्रभार के तौर पर संपादित किया जा रहा है अतः छात्र / छात्राओं से अनुरोध है कि शैक्षणिक कार्यों के संपादन के समय परीक्षा सेल से सम्बन्धित कार्यों के संबंध में शिक्षकों से संवाद ना करें।

संस्था के समस्त छात्र / छात्राओं से अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए वे सामान्यतः परीक्षा से सम्बन्धित कार्य एवं समस्याओं के निराकरण हेतु उल्लिखित व्यवस्थानुसार आवेदन करें। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जा रही है।

प्राचार्य से अनुमोदनोपरान्त यह सूचना निर्गत की जा रही है।

उक्त सूचना संस्था की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

(ईश्वर चन्द्र विद्या सागर)
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य / अधिष्ठाता, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
2. विभागाध्यक्ष, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि इसे संस्था की वेबसाइट पर अपलोड करायें।
4. श्री अनुपम, सहायक परीक्षा नियंत्रक–2, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
5. श्री मोहित यादव, तृतीय श्रेणी कर्मचारी, परीक्षा सेल।
6. गार्ड फाइल।

(ईश्वर चन्द्र विद्या सागर)
परीक्षा नियन्त्रक